दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 278 ■ भीलवाड़ा ■ शुक्रवार 20 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, शुक्ल पक्ष-10, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

गांवों की सत्ता में कांग्रेसः जिला परिषद में भारी बढ़त

16 में से 13 पंचायत समिति जीती, भाजपा को करारा झटका

पूर्व मंत्री जाट व गुर्जर की जोड़ी का कमाल, भाजपा महज 3 पंचायत समिति में, कांग्रेस में जश्न, भाजपा में निराशा





लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

गांवों की सत्ता में कांग्रेस ने एक बार अपनी कुशल रणनीति के दम पर भाजपा को करारा झटका दिया है। देव प्रबोधिनी एकादशी पर आज परिणाम बहुत चौंकाने वाले आए। ग्रामीण मतदाताओं ने 'हाथ' का साथ दिया है, जबकि 'कमल' बुरी तरह नकार दिया। कांग्रेस 45 सदस्यीय जिला परिषद में भाजपा से आगे है। समाचार लिखे जाने तक कांग्रेस 31 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं भाजपा 14 पर आगे हैं। पिछले चुनाव में 37 में से 22 सीटें भाजपा व 15 सीटें कांग्रेस को मिली थी। अभी मतगणना जारी है। कांग्रेस ने जिले की 16 में से 13 पंचायत समितियों में बहुमत पाया है। इस बार कांग्रेस ने 6 पंचायत समितियों जहाजपुर, मांडलगढ़, मांडल, रायपुर, हुरड़ा, बिजौलियां को बरकरार रखने के साथ ही नवगठित तीन पंचायत समितियों शंभूगढ़, खजूरी व फूलिया में जीत हासिल की है। भाजपा केवल कोटड़ी व सहाड़ा को ही बरकरार रख पाई। कांग्रेस ने भाजपा से सुवाणा, बनेड़ा, करेड़ा व शाहपुरा पंचायत समिति छीन ली। वहीं भाजपा ने आसींद में समर्थन हासिल किया। वहां 2020 के चुनाव में कांग्रेस ने निर्दलीय को समर्थन देकर उसे प्रधान बनाया था।

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में आज सुबह 8 बजे से कड़ी पुलिस सुरक्षा में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज तिलक नगर में मतगणना शुरू हुई। जिला परिषद के 45 वार्डों में 111 प्रत्याशी तथा 16 पंचायत समितियों के 288 वार्डों में 783 प्रत्याशी की इवीएम में बंद किस्मत खुली। कुल 333 सदस्यों के सिर जीत का सेहरा बंधा, बाकी को पराजय का सामना करना पड़ा। जैसे-जैसे परिणाम आते गए, कहीं खुशी तो कहीं गम की स्थिति बनती गई। इन नए परिणाम से कांग्रेस खेमे में जश्न का माहौल है, वहीं भाजपा में निराशा है।



समर्थकों में उत्साह, मेले सा माहौल

मतगणना को लेकर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा। जैसे-जैसे रुझान और परिणाम आते गए, जितने वाले प्रत्याशियों के समर्थकों में जोश बढ़ता गया। वे नारे लगाते रहे। वहीं पिछड़ने वाले प्रत्याशियों के समर्थक निराश दिखाई दिए। मतगणना से पहले काउंटिंग सेंटर के बाहर मेले जैसा माहौल नजर आया। पोलिंग बूथ एजेंट्स को चेकिंग के बाद ही मतगणना केंद्र में प्रवेश दिया गया।

पूर्व डेयरी चेयरमैन चौधरी की पत्नी विजयी, प्रधान की दावेदार

हुरड़ा पंचायत समिति के वार्ड नंबर 3 से भीलवाड़ा डेयरी के पूर्व चेयरमैन रतन लाल चौधरी की पत्नी गीता देवी ने 1357 वोटों से चुनाव जीत लिया। वे कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ी थीं। गीता देवी प्रधान पद की प्रबल दावेदार मानी जा रही है।

सहाड़ा में बहेड़िया व जाट की पुत्रवधू जीती

पंचायत समिति सहाड़ा में वरिष्ठ नेता मदन लाल बहेड़िया की पुत्रवधू कमला देवी बहेड़िया, ब्लॉक अध्यक्ष सोहन लाल जाट की पुत्रवधू पायल जाट जीती।

सरपंच संघ अध्यक्ष शक्ति सिंह की पत्नी जीती

भाजपा नेता एवं सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष शक्ति सिंह कालियास की पत्नी तारा कंवर ने जिला परिषद वार्ड नंबर 13 से कांग्रेस की समता जाट को हराया।

भाजपा नेता रामपाल शर्मा के पुत्र राहुल जीते

भाजपा नेता एवं पूर्व यूआईटी चेयरमैन रामपाल शर्मा के पुत्र राहुल दाधीच जिला परिषद चुनाव जीत गए हैं। शर्मा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

दो चुनाव में भाजपा-कांग्रेस का प्रदर्शन

पं. समिति	2020	2026
बिजौलियां	कांग्रेस	कांग्रेस
जहाजपुर	कांग्रेस	कांग्रेस
खजूरी	नवगठित	कांग्रेस
कोटड़ी	भाजपा	भाजपा
मांडलगढ़	कांग्रेस	कांग्रेस
बनेड़ा	भाजपा	कांग्रेस
करेड़ा	भाजपा	कांग्रेस
मांडल	कांग्रेस	कांग्रेस
सुवाणा	भाजपा	कांग्रेस
फूलियाकलां	नवगठित	कांग्रेस
रायपुर	कांग्रेस	कांग्रेस
सहाड़ा	भाजपा	भाजपा
शाहपुरा	भाजपा	कांग्रेस
आसीन्द	निर्दलीय	बीजेपी
हुरड़ा	कांग्रेस*	कांग्रेस
शंभूगढ़	नवगठित	कांग्रेस
बदनौर	भाजपा	ब्यावर में

* प्रधान बनने के बाद बीजेपी में गए

आरएलपी ने दो सीटें जीती, 10 सीटों पर निर्दलीय

पंचायत समिति चुनाव में इस बार हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने भी एंट्री कर ली है। इस पार्टी ने फूलियां कलां व हुरड़ा पंचायत समिति में एक-एक सीट जीती है। इसी तरह 10 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की।

पूर्व मंत्री गुर्जर की पत्नी हारी

भाजपा के पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर की पत्नी सुवाणा की पूर्व प्रधान सरोज देवी गुर्जर जिला परिषद चुनाव हार गई। उन्हें कांग्रेस की सुनीता सुमन कौशिक ने हराया।

धीरज गुर्जर के दोहरी खुशी, खुद राष्ट्रीय सचिव बने, मां चुनाव जीती

राजस्थान बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं जहाजपुर के पूर्व विधायक धीरज गुर्जर को आज देव प्रबोधिनी एकादशी पर दोहरी खुशी मिली है। पहली, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने धीरज गुर्जर को फिर राष्ट्रीय सचिव बनाया है। उन्हें इस बार जम्मू कश्मीर व लद्दाख के सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व का गुर्जर पर पुनः भरोसा जताना उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण और मेहनत का परिणाम है। इससे पूर्व धीरज गुर्जर राष्ट्रीय सचिव रहते हुए उत्तरप्रदेश के सह प्रभारी रह चुके हैं। दूसरी खुशी माता के चुनाव जीतने की है। जहाजपुर की पूर्व प्रधान सीता देवी गुर्जर जहाजपुर पंचायत समिति के वार्ड 2 से चुनाव जीत गई हैं। धीरज गुर्जर के घर इसका जश्न मना, ढोल बजे। सीता देवी पहले 2015 के चुनाव में भी जीतकर प्रधान बनी थी। प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद सीतादेवी को पद के दुरुपयोग के आरोप में राज्य सरकार ने हटा दिया था। इसके बाद गुर्जर कोर्ट भी गए थे। अब यदि उनकी मां सीता देवी पुनः जहाजपुर प्रधान बन जाती है तो तीन खुशियां हो जाएगी।

भाजपा नेता जाट चुनाव हारे

भाजपा नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रूपलाल जाट जिला परिषद चुनाव हार गए हैं। यहां कांग्रेस की रामकन्या मैदान में थी। रूपलाल जाट पूर्व मंत्री रामलाल जाट के समधि हैं।

किस पंचायत समिति में किस पार्टी को कितनी सीटें

पं. समिति	वार्ड	भाजपा	कांग्रेस	आरएलपी	अन्य
बिजौलियां	15	7	8	--	--
जहाजपुर	17	5	10	--	2
खजूरी	15	5	10	--	--
कोटड़ी	27	16	11	--	--
मांडलगढ़	21	8	12	--	1
बनेड़ा	17	5	12	--	--
करेड़ा	17	5	12	--	--
मांडल	21	6	15	--	--
सुवाणा	27	8	19	--	---
फूलियाकलां	15	4	10	1	--
रायपुर	15	6	8	--	1
सहाड़ा	19	10	9	--	--
शाहपुरा	15	4	11	--	--
आसीन्द	15	9	4	--	2
हुरड़ा	17	4	10	1	2
शंभूगढ़	15	6	7	--	2
कुल	288	108	168	2	10

जिला प्रमुख के दावेदार

कांग्रेस से कैलाश मीणा प्रबल दावेदार

ऊपरमाल क्षेत्र के खनन उद्यमी कैलाश मीणा जिला परिषद चुनाव जीत गए हैं। अब तक के रुझान से यदि कांग्रेस को जिला परिषद में बहुमत मिलता है तो वे जिला प्रमुख के प्रबल दावेदार हैं।

रामलाल जाटः कुशल रणनीति से भाजपा को दी मात

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी रहे पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट वर्तमान में कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में ही पंचायत चुनाव लड़ा गया। जाट की कुशल रणनीति ने जिला परिषद व पंचायत समिति चुनावों में भाजपा को मात देकर कांग्रेस को सफलता दिलाई। इससे जिले में ग्रामीण स्तर पर कांग्रेस संगठन तो मजबूत हुआ ही है, जाट का कद भी संगठन की दृष्टि में और बढ़ गया है।

धीरज गुर्जर-जहाजपुर-खजूरी जीती, कोटड़ी हारे

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रियंका गांधी व राहुल गांधी के नजदीकी माने जाने वाले धीरज गुर्जर जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे हैं। जहाजपुर व नवगठित खजूरी पंचायत समिति में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिला है। दोनों जगह कांग्रेस का प्रधान बनना तय है। इससे धीरज ने अपने क्षेत्र के मतदाताओं में पकड़ साबित की है। हालांकि कोटड़ी में वे पार्टी का बहुमत नहीं ला सके।

WORTHYTECH SOLUTIONS
TURN YOUR IDEAS INTO DIGITAL REALITY
Build. Innovate. Grow.
Technology That Moves You Forward.
OUR SERVICES
Website Development
Mobile App Development
Software Development
Digital Marketing
INTERNSHIP & TRAINING PROGRAMS for Beginners
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara.
Phone: 9982376430
Email: info@worthytechsolutions.com
Website: www.worthytechsolutions.com

DR. APURVA'S COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं
डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD)
(BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ
डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार
Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज
• फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना
• इम्प्लान्ट • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

Rideloo
Safar ho ya ambulance, sab ek app se
भीलवाड़ा की अपनी Ride Booking App
शहर में कहीं जाना हो, ट्रैफिक से परेशान या घर पे गाड़ी नहीं तो
आज अभी BOOK करें!
DRIVERS / RIDERS के लिए
कमाई का सुनहरा अवसर
Rideloo Partner App डाउनलोड करें
0% COMMISSION
AUTO BIKE CAB AMBULANCE
BOOKING, SUPPORT & RIDER REGISTRATION
96943 97383 | 92166 69115

बालाजी की असीम कृपा से समस्या का तुरंत निदान
राजस्थान के जाने-माने ज्योतिषाचार्य
विक्रम सिंह सोनी
ज्योतिष सम्बन्धित सभी समस्याओं का तुरंत निवारण सशुल्क ऑनलाईन किया जाता है।
मिलने के लिए आप 3 से 6 प्रतिदिन फोन करके पधारें।
डांगी फैक्ट्री के पीछे, सांवरिया मंदिर के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा
9509837485, 6350542648

CKS HOSPITALS TRUSTED HEALTH PARTNER
सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में
डॉ. राहुल नाहर
ENT & Head Neck Surgery
MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist
डॉ. सुश्रुत कालरा
Plastic, Hand & Cosmatic Surgeon
MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK), Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK), Ex faculty SMS hospital jaipur.
डॉ. अरुण आर्य थोराण
Medical Gastroenterologist
MBBS, MD (General Medicine), Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थानः- नाहर स्वच्छायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals CKSHospitals www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur

बिजौलियां
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	प्रकाश चन्द्र	भाजपा
2.	भंवरलाल	कांग्रेस
3.	मीनाक्षी	कांग्रेस
4.	रामेश्वर	कांग्रेस
5.	राजेन्द्र कुमार	भाजपा
6.	शिवराज	भाजपा
7.	सम्पत देवी	भाजपा
8.	कैलाश भील	कांग्रेस
9.	लक्ष्मीदेवी	कांग्रेस
10.	सुनीता	कांग्रेस
11.	रीतू	भाजपा
12.	लवली	भाजपा
13.	अजन्ता देवी	कांग्रेस
14.	सोदान गुर्जर	कांग्रेस
15.	नरसिंह	भाजपा

रायपुर
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	धर्मचन्द्र गुर्जर	निर्दलीय
2.	केसर देवी	कांग्रेस
3.	विमला देवी	भाजपा
4.	सुमन रेगर	भाजपा
5.	अनिता	कांग्रेस
6.	गुडिया कंवर	कांग्रेस
7.	शंकरलाल भील	कांग्रेस
8.	रणजीत सिंह	कांग्रेस
9.	पारस जाट	भाजपा
10.	कमलेश शर्मा	भाजपा
11.	संदीप त्रिवेदी	कांग्रेस
12.	प्रेमीदेवी	कांग्रेस
13.	प्रतिभा सोमानी	कांग्रेस
14.	लक्ष्मीलाल	भाजपा
15.	मुकेश कुमार	भाजपा

शाहपुरा
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	नेतू देवी गुर्जर	भाजपा
2.	सांवरलाल बैरवा	कांग्रेस
3.	काली देवी	कांग्रेस
4.	गंगाराम भील	कांग्रेस
5.	दुर्गालाल	कांग्रेस
6.	सोनिया बावरी	कांग्रेस
7.	पुष्पा देवी	कांग्रेस
8.	मंजूलता खारोल	भाजपा
9.	हरफूल बैरवा	कांग्रेस
10.	माया मीणा	भाजपा
11.	द्वारका प्रसाद	कांग्रेस
12.	लक्ष्मण	कांग्रेस
13.	सीमा जाट	कांग्रेस
14.	संजूदेवी गुर्जर	कांग्रेस
15.	कोमल कुमावत	भाजपा

करेड़ा
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	लेहरी	भाजपा
2.	मीना देवी	कांग्रेस
3.	अनिता कुमारी	कांग्रेस
4.	मेवाराम	कांग्रेस
5.	मीठा	भाजपा
6.	बालीदेवी	कांग्रेस
7.	अमरी देवी	भाजपा
8.	श्रवण बलाई	कांग्रेस
9.	कुसुम रावलोत	कांग्रेस
10.	राधेश्याम बुनकर	कांग्रेस
11.	आशा देवी	भाजपा
12.	रेखा देवी	कांग्रेस
13.	गुड्डी	कांग्रेस
14.	अनुराधा सोनी	कांग्रेस
15.	पारस कुमारी	कांग्रेस
16.	दयालसिंह चुंडावत	भाजपा
17.	प्रभुलाल भील	कांग्रेस

खजूरी
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	नारायणलाल	भाजपा
2.	नाराण	कांग्रेस
3.	रामनारायण	कांग्रेस
4.	गोपाल	भाजपा
5.	गुणमाला	कांग्रेस
6.	मीरा	कांग्रेस
7.	आशा	भाजपा
8.	हेमराज	कांग्रेस
9.	हेमलता	कांग्रेस
10.	मनीषा मीणा	कांग्रेस
11.	महावीर प्रसाद	कांग्रेस
12.	काली	कांग्रेस
13.	आशा देवी	कांग्रेस
14.	मोहिनी	भाजपा
15.	संगीता देवी	भाजपा

मांडलगढ़
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	डिम्पल कंवर राजपूत	भाजपा
2.	शांति देवी बलाई	कांग्रेस
3.	कांति कुमार जाट	कांग्रेस
4.	रामदेव बैरवा	भाजपा
5.	कालू राम गुर्जर	कांग्रेस
6.	देवी मीणा	कांग्रेस
7.	रामपाल धाकड़	भाजपा
8.	रामचन्द्र जाट	कांग्रेस
9.	जगदीश ढोली	निर्दलीय
10.	राधा	भाजपा
11.	राजेन्द्र पाराशर	कांग्रेस
12.	मोरू भंवर पुरावत	कांग्रेस
13.	राधा धाकड़	भाजपा
14.	गणेश लाल जाट	कांग्रेस
15.	सूरजमल गुर्जर	कांग्रेस
16.	शिवानी देवी गुर्जर	कांग्रेस
17.	शिमला देवी मीणा	भाजपा
18.	गोरूलाल मीणा	कांग्रेस
19.	जितेन्द्र मून्दड़ा	कांग्रेस
20.	विष्णू देवी खटीक	भाजपा
21.	मंजू देवी जोशी	भाजपा

आसींद
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	मनसुख सिंह	भाजपा
2.	गणपत सिंह	भाजपा
3.	तारा कंवर	निर्दलीय
4.	लादू दास वैष्णव	भाजपा
5.	कंचन	कांग्रेस
6.	देवेन्द्र कुमार खटीक	भाजपा
7.	गणपत सिंह	भाजपा
8.	मेघा	भाजपा
9.	देव	भाजपा
10.	मुन्नी गुर्जर	कांग्रेस
11.	कैलाश भील	भाजपा
12.	लादूलाल	निर्दलीय
13.	घीसू कंवर	भाजपा
14.	भगवती कुम्हार	कांग्रेस
15.	नन्दा	कांग्रेस

जहाजपुर
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	आरामी	कांग्रेस
2.	सीता देवी गुर्जर	कांग्रेस
3.	दिनेश	कांग्रेस
4.	सीमा चौधरी	भाजपा
5.	शैतान	कांग्रेस
6.	कन्हैयालाल	कांग्रेस
7.	सोनिया	कांग्रेस
8.	मीरा	भाजपा
9.	ब्रह्मप्रकाश	भाजपा
10.	राजेश कुमारी	कांग्रेस
11.	रामप्रसाद	कांग्रेस
12.	शांता देवी मीणा	भाजपा
13.	कविता	निर्दलीय
14.	चेतन्य कंवर	निर्दलीय
15.	मीरा	भाजपा
16.	बाबू	कांग्रेस
17.	विमता	कांग्रेस

शंभूगढ़
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	सुशीला	निर्दलीय
2.	लक्ष्मण शर्मा	कांग्रेस
3.	नरेश कुमार	भाजपा
4.	प्रेमचन्द्र	भाजपा
5.	लेहरी कुमावत	कांग्रेस
6.	लालीदेवी	कांग्रेस
7.	भिट्ठूलाल रेगर	भाजपा
8.	महेन्द्र बलाई	निर्दलीय
9.	रतनलाल	कांग्रेस
10.	महावीर गुर्जर	भाजपा
11.	महावीर शर्मा	भाजपा
12.	रेखा	कांग्रेस
13.	आशा देवी	भाजपा
14.	पार्वती	कांग्रेस
15.	सीमा जाट	कांग्रेस

हुरड़ा
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	घनश्याम	कांग्रेस
2.	ईशाक मोहम्मद	कांग्रेस
3.	गीता	कांग्रेस
4.	विष्णु	कांग्रेस
5.	कृष्णा	कांग्रेस
6.	विमला देवी	कांग्रेस
7.	महेन्द्र	आरएलपी
8.	शीला जाट	भाजपा
9.	शोभा	कांग्रेस
10.	कालूराम	कांग्रेस
11.	गंगादेवी	कांग्रेस
12.	राधेश्याम तेली	भाजपा
13.	जगदीश जाट	कांग्रेस
14.	रामगोपाल	कांग्रेस
15.	अनिता मेवाड़ा	निर्दलीय
16.	रामपाल साहू	भाजपा
17.	महावीर बैरवा	भाजपा

बनेड़ा
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	रेणुका देवी	भाजपा
2.	मेवाराम	कांग्रेस
3.	ईश्वरलाल भील	कांग्रेस
4.	बालू भील	भाजपा
5.	राजी गुर्जर	कांग्रेस
6.	गीता देवी जाट	भाजपा
7.	छोटी	कांग्रेस
8.	राहुल	कांग्रेस
9.	हेमराज	कांग्रेस
10.	गायत्री	कांग्रेस
11.	नीलम कंवर	भाजपा
12.	सीमा	भाजपा
13.	शैतान गुर्जर	कांग्रेस
14.	भंवरलाल	कांग्रेस
15.	बीनू कंवर	कांग्रेस
16.	बद्री	कांग्रेस
17.	तुलसीराम	कांग्रेस

मांडल
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	देबी	कांग्रेस
2.	रत्न प्रभा	कांग्रेस
3.	रतन	भाजपा
4.	महेन्द्र	कांग्रेस
5.	रामकुमार	कांग्रेस
6.	सांवरमल जाट	कांग्रेस
7.	माया	कांग्रेस
8.	गीता	भाजपा
9.	चेतन कुमार	कांग्रेस
10.	समता	कांग्रेस
11.	रमेश	भाजपा
12.	कंचन देवी	कांग्रेस
13.	सुनीता चौधरी	कांग्रेस
14.	दशरथ कंवर	भाजपा
15.	कृष्णा देवी	भाजपा
16.	मैना	कांग्रेस
17.	दुर्गा	भाजपा
18.	गायत्री देवी	कांग्रेस
19.	संतोष कंवर	कांग्रेस
20.	पूरण कंवर	कांग्रेस
21.	सीमा	कांग्रेस

सुवाणा
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	राकेश बैरवा	कांग्रेस
2.	गोटिया देवी	भाजपा
3.	रेखा देवी	कांग्रेस
4.	रामप्रसाद गाडरी	भाजपा
5.	सीमा कीर	कांग्रेस
6.	गीता देवी	कांग्रेस
7.	लक्ष्मी देवी	कांग्रेस
8.	उषा देवी	कांग्रेस
9.	मनीष कुमार	कांग्रेस
10.	सजना गुर्जर	कांग्रेस
11.	सांवरमल भील	कांग्रेस
12.	गोविन्द बलाई	कांग्रेस
13.	सुरेश जोशी	कांग्रेस
14.	गिरधार कंवर	भाजपा
15.	नाराणी	कांग्रेस
16.	तारादेवी चौबे	कांग्रेस
17.	सांवरमल शर्मा	भाजपा
18.	रतनलाल गुर्जर	कांग्रेस
19.	कमला लुहार	कांग्रेस
20.	मीनाक्षी कंवर	कांग्रेस
21.	शिवलाल कुमावत	भाजपा
22.	माया बैरागी	कांग्रेस
23.	शिवलाल पारीक	भाजपा
24.	सावरिया गाडरी	भाजपा
25.	लक्ष्मी कुमारी	भाजपा
26.	बद्रीलाल रेगर	कांग्रेस
27.	मनीषा कंवर	कांग्रेस

कोटड़ी
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	करण सिंह कानावत	भाजपा
2.	तेजमल बैरवा	कांग्रेस
3.	दुर्गालाल धाकड़	भाजपा
4.	मदन मीणा	भाजपा
5.	लीला देवी भील	कांग्रेस
6.	सुमन	कांग्रेस
7.	अनिता	कांग्रेस
8.	लादूलाल गुर्जर	कांग्रेस
9.	नीरमा देवी	भाजपा
10.	रामस्वरूप वैष्णव	कांग्रेस
11.	प्रहलाद सेन	भाजपा
12.	केसर कंवर	कांग्रेस
13.	कन्हैयालाल जाट	भाजपा
14.	लीला देवी	भाजपा
15.	रेखा तिवारी	भाजपा
16.	राम्या जाट	भाजपा
17.	राज्यश्री	कांग्रेस
18.	चन्दा गुर्जर	कांग्रेस
19.	कैलाश चन्द्र	भाजपा
20.	आशा तेली	भाजपा
21.	लाली गुर्जर	कांग्रेस
22.	पप्पू बलाई	भाजपा
23.	सीता देवी	भाजपा
24.	अनुसुया राजस्थला	भाजपा
25.	सुमित्रा शर्मा	भाजपा
26.	भंवरलाल बलाई	भाजपा
27.	भंवरलाल	कांग्रेस

सहाड़ा
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	राजीव सालवी	भाजपा
2.	शैलू कंवर	भाजपा
3.	नाराणी जाट	कांग्रेस
4.	पायल	कांग्रेस
5.	अमरी	कांग्रेस
6.	लाल कंवर	भाजपा
7.	ओमप्रकाश	कांग्रेस
8.	नानालाल	भाजपा
9.	रामपाल जाट	भाजपा
10.	सुगना	कांग्रेस
11.	सम्पत सिंह	कांग्रेस
12.	कमला बहेडिया	कांग्रेस
13.	भैरी देवी	भाजपा
14.	प्रकाश कुंवर	कांग्रेस
15.	माया धोबी	कांग्रेस
16.	भैरू लाल गाडरी	भाजपा
17.	नारू देवी गाडरी	भाजपा
18.	रतन कंवर	भाजपा
19.	सुशील जाट	भाजपा

फुलियाकलां
पंचायत समिति

वार्ड नं.	विजयी	पार्टी
1.	परवीन बानू	कांग्रेस
2.	कन्हैयालाल	कांग्रेस
3.	अभिषेक	भाजपा
4.	देवकिशन	कांग्रेस
5.	मंजू देवी	भाजपा
6.	सावित्री प्रजापत	कांग्रेस
7.	मनभर शर्मा	कांग्रेस
8.	कमला देवी	कांग्रेस
9.	निर्मला बावरी	भाजपा
10.	माया गुर्जर	कांग्रेस
11.	लीला	कांग्रेस
12.	शिवानी बैरवा	कांग्रेस
13.	तेजमल जाट	भाजपा
14.	रामहेत धाकड़	आरएलपी
15.	कैलाश चन्द्र	कांग्रेस

दैनिक लोकजीवन
में विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें
Whats app/ Call
99298-28343
लोकजीवन में विज्ञापन देकर बढ़ायें अपने व्यापार को
शीघ्र ही अपना विज्ञापन बुक कराएं

उमड़ा आस्था का सैलाब: 16,108 तुलसी-शालिग्राम विवाह के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु

दूल्हा बनकर पधारे मेवाड़ धणी चारभुजानाथ, आजादनगर क्षेत्र से निकली भव्य बारात

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा







वस्त्रनगरी की सड़कों पर शुक्रवार को भक्ति, आस्था और शाही ठाठ-बाट का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, मानो साक्षात देवलोक धरा पर उतर आया हो। अवसर था श्री तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान और श्री वल्लभ संकीर्तन सेवा संघ के संयोजन में आयोजित ऐतिहासिक 16,108 श्री तुलसी-शालिग्राम विवाह महामहोत्सव का। सुबह की पहली किरण के साथ ही पूरा शहर जय चारभुजानाथ और तुलसी मैया की जय के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

रथ, खुली जीप और गजराज पर निकली शाही बारात

आयोजन समिति के अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी एवं संयोजक डॉ. एस.एन. गग्गड़ ने बताया कि सुबह 8.30 बजे आजाद नगर स्थित एमपीएस स्कूल परिसर में प्रारंभिक रस्मों के साथ ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया था। ठीक 9.30 बजे जयकारों के बीच भव्य बारात शोभायात्रा का आगाज हुआ। इस महामहोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि स्वयं मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजानाथ दूल्हा बनकर पधारे। उनके साथ भीलवाड़ा के बड़े चारभुजानाथ, दूधाधारी गोपालजी, संजय कॉलोनी चारभुजानाथ, सांगानेर चारभुजानाथ, रावला चारभुजानाथ बिलिया, शेष सहायजी मांडल, दांथल श्याम और सांवरिया सेठ नौगांवा के ठाकुरजी भी बाराती बनकर शोभा बढ़ाते नजर आए।

फूलों से पटी सड़कें, केसरिया रंग में रंगा माहौल

शोभायात्रा के दौरान शहर का माहौल पूरी तरह उत्सवी नजर आया। गेंदे के पीले और नारंगी फूलों से सजी खुली जीपों व रथों में विराजमान ठाकुरजी के विग्रहों पर सेवादार निरंतर चंवर ढुलाते चले। वहीं, लाल शाही झूल से सजे गजराज पर निकली भगवान की सवारी श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कचोलिया ने बताया कि बारात में पुरुष पारंपरिक केसरिया व लाल साफे और दुपट्टे धारण किए शामिल हुए, तो मातृशक्ति पारंपरिक राजस्थानी परिधानों में सज-धजकर मंगल गीत गाती चली। ढोल-नगाड़ों की थाप और भजनों की मधुर धुनों पर भक्त दोनों हाथ ऊपर उठाकर भाव-विभोर हो नृत्य करते दिखे। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुए स्वागत के कारण शहर की सड़कें फूलों की पंखुड़ियों से पट गईं।बारात का आयोजन के सूत्रधार गोवत्स विष्णु श्री कृष्णतनय महाराज मुख्य आचार्य योगेंद्र शर्मा सहित हजारों श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, महापौर जसवंत कंवर, उपमहापौर राधेश्याम सोमाणी ने शिरकत की।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ पाणिग्रहण संस्कार

प्रमुख मार्गों से होती हुई यह दिव्य बारात जब महामहोत्सव स्थल पहुंची, तो सुबह 11.15 बजे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तोरण की रस्म अदा की गई। इसके पश्चात दोपहर 12.15 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने इस अलौकिक और दिव्य विवाह के साक्षी बनकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पाणिग्रहण के बाद बारात की विदाई की रस्म निभाई जाएगी।

वरिष्ठ पत्रकार जोशी को मिलेगा राष्ट्रीय सृजन विभूति सम्मान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



राजस्थान के विख्यात पत्रकार, साहित्यकार स्व. भंवर सुराणा की स्मृति में 28- 29 नवंबर को उदयपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सृजन विभूति सम्मान 2026 के लिए भीलवाड़ा के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार, लेखक अमिताभ जोशी का चयन हुआ है। जोशी को यह सम्मान उनके द्वारा साहित्य के क्षेत्र में दिए गए योगदान तथा उत्कृष्ट लेखन के लिए दिया जाएगा।

विश्व हिंदी परिषद नई दिल्ली तथा डॉ. भंवर सुराणा स्मृति अभिनंदन समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के 17 ख्यातनाम लेखक पत्रकार साहित्यकार एवं कर्मयोगियों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शकुन्तला सरूपरिया संपादक तनिमा ने बताया कि 28 नवंबर को प्रातः 10 बजे देश की जानी-मानी 17 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। उनके द्वारा संपादित दो किताबों का लोकार्पण होगा। डॉ. सुराणा के व्यक्तित्व एवं उनके कृतित्व पर चर्चा होगी। शाम को कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन होगा। रात्रि को एक फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। दूसरे दिन प्रात 10 बजे हिंदी भाषा साहित्य एवं पत्रकारिता की वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा एवं मंथन किया जाएगा। शाम को एक विशेष रूप से लोक रंग की संध्या का आयोजन होगा जिसमें राजस्थान के पारंपरिक नृत्य एवं संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा।

केबीसी की तर्ज पर होगी क्षेत्रीय भारत को जानो प्रतियोगिता

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद् (उत्तर पश्चिम क्षेत्र) के तत्वावधान में आगामी रविवार को क्षेत्रीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आरटीओ चौराहा, पुर रोड स्थित ब्रिटी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में होने वाले इस आयोजन में देश के गौरवशाली इतिहास, कला-संस्कृति, महापुरुषों और सामान्य ज्ञान पर आधारित रोचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। प्रवक्ता गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि इस प्रतिष्ठित क्षेत्रीय प्रतियोगिता का आतिथ्य राजस्थान मध्य प्रान्त कर रहा है, जबकि मेजबानी और संपूर्ण व्यवस्थाओं का जिम्मा स्वामी विवेकानन्द शाखा, भीलवाड़ा संभाल रही है। परिषद् के पंचसूत्र– सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण–के माध्यम से च्स्वस्थ-समर्थ-संस्कारित भारतज्ञ की परिकल्पना को साकार करने व युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन हो रहा है। शाखा और प्रान्त स्तर की प्रतियोगिताओं में विजेता रहने के बाद अब कनिष्ठ (जूनियर) और वरिष्ठ (सीनियर) वर्ग की चयनित टीमें क्षेत्रीय मुकाबले में उतरेंगी। इसमें उत्तर पश्चिम क्षेत्र के पूर्व, उत्तर पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर और दक्षिण पूर्व प्रान्त की विजेता टीमें हिस्सा लेंगी।

आयुष पैथी को बढ़ावा देने के लिए रेफरल सिस्टम पर ध्यान दें: डॉ.सिंह

आयुष्मान टीम के प्रशिक्षण शिविर में आयुर्वेद सिद्धांतों पर जोर

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा





राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयोजित आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर पदस्थापित आशा, ए.एन.एम., नर्स-कंपाउंडर एवं आयुष मित्रों के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण संपन्न हुआ।

उद्घाटन आयुर्वेद विभाग, अजमेर संभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. शिव सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। डॉ. शिव सिंह ने कहा कि आशा, ए.एन.एम., आयुर्वेद नर्स-कंपाउंडर एवं योग प्रशिक्षक आपस में समन्वित रूप से कार्य करें। आयुष पैथी को बढ़ावा देने के लिए रेफरल सिस्टम पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने उन्होंने आयुष मित्र की नई योजना के बारे में बताया कि इसके अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर पदस्थापित महिला योग प्रशिक्षकों का मानदेय व कार्य समय बढ़ाकर उन्हें विभिन्न विभागीय गतिविधियों में सम्मिलित किया जाएगा। समापन सत्र में मुख्य अतिथि जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, भीलवाड़ा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.अर्जुन सिंह चुंडावत उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे इस शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करें, ताकि आयुष विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के मुख्य उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

डॉ. संजय कुमार शर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को आयुष मेडिसिन किट के उपयोग, आवश्यक रिपोर्टिंग और इन्वेंट्री प्रबंधन के बारे में समझाया। डॉ. मुकेश वैष्णव ने मरीजों के प्रकृति परीक्षण एवं सीबीएसी रिपोर्टिंग की प्रक्रिया, डॉ. लोकेश कुमार शर्मा ने आयुष चिकित्सा में उचित रेफरल सिस्टम और मरीजों के फॉलो-अप के बारे में, डॉ. आरिफ खान कायमखानी ने एनसीडी के प्रबंधन, विभिन्न जांच विधियों तथा हेल्थ रिकॉर्ड संधारण पर प्रकाश डाला। डॉ निकिता चौधरी ने आहार एवं योग की जानकारी दी। उपनिदेशक डॉ. ओ.पी. नागर ने आभार जताया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

नौगांवा में वसंत पंचमी पर होगी नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा

भीलवाड़ा। श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट की ओर से माधव गौशाला, नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर प्रांगण में आगामी वसंत पंचमी पर नवनिर्मित मंदिर में नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। ट्रस्ट के संरक्षक डीपी अग्रवाल एवं सचिव कैलाश डाड ने बताया कि इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सहभागिता के लिए सवा करोड़ ओम नमः शिवाय' मंत्र लेखन का महासंकल्प लिया गया है। मंदिर में माँ नर्मद से लाए गए स्वयंभू नर्मदेश्वर महादेव को प्रतिष्ठित किया जाएगा। अनुष्ठान के तहत भक्तों को पंचाक्षरी मंत्र लिखने के लिए निःशुल्क पत्रक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एक पत्रक में 446 बार ओम नमः शिवाय' मंत्र लिखना होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी में क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार पत्रक प्राप्त कर मंत्र लेखन करने और इस धार्मिक आयोजन से जुड़ने का आग्रह किया है।

भीलवाड़ा के पुत्री- दामाद ने रचा इतिहास - जेलीफिश के डंक और चिलचिलाती गर्मी को मात देकर पूरा किया आयरनमैन 70.3 गोवा 2026

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, पणजी





सहनशक्ति और जज्बे की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक आयरनमैन 70.3 गोवा 2026 को भीलवाड़ा निवासी एवीवीएनएल के पूर्व डायरेक्टर अरुण कुमार जागेटिया- सरोज जागेटिया के पुत्री- दामाद आस्था और अंकित ने सफलतापूर्वक पूरा कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 1 नवंबर को पणजी के मीरामार बीच पर आयोजित इस प्रतिष्ठित ट्रायथलॉन में दोनों ने अदम्य साहस का परिचय दिया। इस वर्ष की प्रतियोगिता बेहद चुनौतीपूर्ण रही। समुद्र में तैराकी के दौरान कई एथलीटों को जेलीफिश ने डंक मारा, जिनमें अंकित भी शामिल थे, जिन्हें तीन डंक लगे। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। इसके बाद पहाड़ी रास्तों पर साइकिलिंग और गोवा की दोपहर की भीषण गर्मी व उमस में दौड़ ने प्रतिभागियों की कड़ी परीक्षा ली। इस रेस में 30 देशों के 2,000 एथलीटों ने हिस्सा लिया, लेकिन कठिन परिस्थितियों के कारण केवल 1,099 ही व्यक्तिगत रूप से इसे पूरा कर सके, जिनमें महज 65 महिलाएं शामिल थीं। गौरतलब है कि आयरनमैन की शुरुआत 1978 में हवाई में हुई थी। इसके हाफ-डिस्टेंस संस्करण आयरनमैन 70.3 (कुल 113 किमी) में एथलीटों को 8.5 घंटे के भीतर समुद्र में 1.9 किमी तैराकी, 90 किमी साइकिलिंग और 21.1 किमी दौड़ पूरी करनी होती है।

देवउठनी ग्यारस पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों की धूम, कई जोड़े बंधे विवाह सूत्र में

सात फेरे लेकर खाई सात जन्म का साथ निभाने की कसमें , सेन समाज, माली समाज और खटीक समाज का आयोजन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

देवउठनी एकादशी पर शहर में सामाजिक एकता, सद्भाव और सादगीपूर्ण विवाह परंपरा को बढ़ावा देने के संदेश के साथ विभिन्न समाजों के सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए।

श्री शिव मंडल खटीक समाज सेवा संस्थान के 13वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 82 जोड़ों ने सात फेरे लिए, वहीं राज भोई माली समाज और नारायणी सेना सेन समाज के सम्मेलनों को लेकर भी समाजजनों में उत्साह व आयोजन की रौनक देखने को मिली। तिलक नगर स्थित खटीक समाज छात्रावास (अहिंसा सर्किल) में आयोजित 13वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 82 जोड़े विवाह बंधन में बंधकर एक-दूसरे के हमसफर बने, जिनमें राजस्थान के साथ-साथ गुजरात और मध्यप्रदेश से पहुंचे वर-वधू भी शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे शिव मंदिर दादाबाड़ी से भव्य शोभायात्रा व बिंदोली के साथ हुई, जो पुरानी धानमंडी और कसारा मोहल्ला होते हुए तिलक नगर रोड से गुजरकर छात्रावास पहुंची और फिर विवाह की रस्में संपन्न हुईं। संस्थान अध्यक्ष बंसीलाल पटेल के अनुसार समारोह में मुख्य अतिथि धौलपुर के पूर्व सांसद मनोज राजोरिया और अध्यक्षता सांसद दामोदर अग्रवाल ने की, जबकि विशिष्ट अतिथियों में विधायक अशोक कोठारी, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी व धीरज गुर्जर सहित प्रशासनिक अधिकारी सुनीता राजोरिया, उद्योगपति हरजेश नारायणिया, अखिल भारतीय खटीक समाज के प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल चंदेल, जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी तथा अन्य गणमान्यजन शामिल हुए। प्रत्येक नवदंपति को संस्थान की ओर से 35 हजार रुपये के उपहार भेंट किए गए। आयोजन में महामंत्री शिवराम डीडवानिया (जीपी), सत्यनारायण खोईवाल, लक्ष्मीनारायण डीडवानिया, सचिव राधेश्याम सोलंकी, कोषाध्यक्ष डॉ. श्यामलाल पटेल व संयोजक हजारीलाल सोलंकी, शांतिलाल चावला, श्यामलाल खींची, अंबालाल पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, रमेश खोईवाल सहित पदाधिकारियों व समाजजनों का सहयोग रहा।



सेन समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन में परिणय सुत्र में बंधते जोड़े। फोटो : विनोद सेन

माली समाज के 41 जोड़ों का विवाह

राज भोई माली समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में देवउठनी ग्यारस पर आयोजित प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन में भगवान चारभुजानाथ संग तुलसी विवाह का आयोजन भी रखा गया। संस्थान अध्यक्ष कैलाशचंद्र माली ने बताया कि सम्मेलन में 41 जोड़ों का विवाह कराया गया।

सेन समाज के 24 जोड़े बंधे परिणय सुत्र में

नारायणी सेना सेन समाज विवाह समिति के तत्वावधान में देवउठनी एकादशी पर प्रथम सेन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। सुरेश सेन हठीला के अनुसार त्रिवेणी धाम स्थित नारायणी माता मंदिर से ठाकुरजी की भव्य बारात रवाना होकर टेकरी के बालाजी मंदिर के पास स्थित बागेश्वर धाम पहुंची, शुक्रवार सुबह 6 बजे तक दूल्हा-दुल्हन की बारातें स्थल पर पहुंचने के बाद विवाह की रस्में संपन्न हुईं। नारायणी सेना सेन समाज के अध्यक्ष बलवीर सेन

आज का विचार

लक्ष्य तय करना महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि लक्ष्य अर्जित करने की कार्य योजना बनाकर शुरू से ही गंभीर प्रयास जरूरी है तभी सफलता मिलेगी।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक लोकजीवन

मंत्रियों से मांगा रिपोर्ट कार्ड ...

केन्द्रीय मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा और उनसे रही अपेक्षाओं पर कितने खरे उतरे इसका रिपोर्ट कार्ड मांगना नई बात नहीं है बल्कि यह नियमित प्रक्रिया है। जिसके तहत मंत्रियों से सामूहिक चर्चा के माध्यम से विभागीय उपलब्धियों की जानकारी मांगी जाती है अन्यथा कोई विभाग अछूता नहीं है। जिसकी जानकारी प्रधानमंत्री को न हो प्रधानमंत्री अपने स्तर पर सभी जानकारियां रखते है। वहीं प्रोत्साहन व उत्साहवर्धन का काम भी करते रहते है। यह सब पूरी तरह से गोपनीय ढंग से चलता है। कोई मंत्री इस गफलत में नहीं रह सकता कि वह जो कुछ कर रहा है। वह सीएम की निगाह में नहीं हो। वैसे भी विभागों को न केवल लक्ष्य आवंटित किये जाते है बल्कि उनके द्वारा शुरू की योजनाओं के अलावा नीति आयोग व प्रधानमंत्री द्वारा सुझाई योजनाओं का क्रियान्वयन सरकार की सफलता को तय करने वाला होता है। प्रधानमंत्री विभिन्न विभागों से जुड़ी घोषणाएं करते है तो विभागीय उपलब्धियों को भी प्रचारित प्रसारित करते है। दूसरे शब्दों में प्रधानमंत्री समूचे मंत्री मण्डल का केन्द्र बिन्दु है। जिसकी मंशा के अनुरूप ही विभाग कार्यों को आगे बढ़ाते है और सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं को धरती पर उतारते है लेकिन मंत्री मंडल की बैठक में की जाने वाली समीक्षा सामूहिक प्रयासों और उपलब्धियों का संकेत करती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेश दौरे से लौटते ही सरकार के काम काज की बड़ी समीक्षा की। प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में चली मंत्री मंडल की बैठक में मंत्रियों से उनके विभागों का रिपोर्ट कार्ड तलब किया गया और प्रमुख सरकारी योजनाओं की प्रगति परखी गई। बैठक में प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि सीधे और असानी से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने मंत्रियों से सितम्बर में हुए चिंतन शिविर में सौपी गई जिम्मेदारियों और तय लक्ष्यों पर अब तक हुई प्रगति का भी हिसाब मांगा। सरकार की करीब 40 से 45 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचाने और विभिन्न मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक के केन्द्र में विकसित भारत 2047 का लक्ष्य और इसकी तैयारियों का रोड मेप रहा। पिछली मंत्री परिषद की बैठक में इस लक्ष्य को लेकर अल्पकालिक और दीर्घकालिक कार्य योजना तैयार करने पर जोर दिया गया था । इसके लिए मंत्रियों के 10 क्षेत्रवार समूह गठित किये गये थे। बैठक में इस रोड मेप की प्रगति का आंकलन किया गया और 2047 के लक्ष्य को समय पर हासिल करने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा हुई । आज आवश्यकता इस बात की है कि गरीबी उन्मूलन की सफलता के साथ ही विभाग अंतिम छोर के व्यकित तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाये। तभी विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा।

कड़वी घूंट -सूरज

यहां 7 बार फेल डॉक्टर ...

उच्च शिक्षण संस्थाओं और विदेश में पढ़ाई का आकर्षण छात्रों को प्रेरित करता है क्योंकि देश में कितने ही श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान है लेकिन विदेश का नाम आते ही लगता है कि भारत में वैसी पढ़ाई नहीं हो पाएगी, जैसी विदेशों में होती है इसलिए छात्र विदेशों में पढ़ाई को प्राथमिकता देते है ताकि यहां पर विदेश में पढ़ाई को विशेष योग्यता के रूप में प्रस्तुत कर सके।

विपरित इसके विदेश के नाम से ही विशेष दर्जे की पढ़ाई नहीं हो जाती। अपितु भारतीय संस्थानों से कम विशेषज्ञता वाले विदेशी संस्थान छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल देते है क्योंकि पढ़ते वक्त तो विदेश को चश्मा लगा रहता है। लेकिन पढ़ाई करके स्वदेश लौटते पर पता चलता है कि वहां की पढ़ाई का तो भारत में कोई मतलब ही नहीं और यानी बहुत कमजोर स्तर की पढ़ाई हुई।

हां डॉक्टरी करने विदेश में गये छात्रों का हाल यह है कि विदेश से एमबीबीएस की डिग्री तो ले ली, लेकिन यहां एफएमजीई की परीक्षा में 7 बार फेल होने वाले अभ्यर्थी 20 लाख में फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर विभिन्न सरकार मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप कर रहे। ऐसे 5 फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार किया जो विदेश से एमबीबीएस करके आये लेकिन यहां 7-7 बार फेल हुए है। अब यह आप जानो कि एक दो नहीं सात-सात बार फेल होने वाली फर्जीवाड़ा करके डॉक्टर बन जाते हे तो क्या हाल होता। ये तो मरीजों के जीवन से सीधा खिलवाड़ा हो जाता।

सेहतमंद रहने के लिए प्रकृति के अनुरूप हो हमारी जीवनशैली - शाह

जीतो भीलवाड़ा चैप्टर द्वारा विशेष स्वास्थ्य संवाद का आयोजन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



जीतो भीलवाड़ा चैप्टर की ओर से चौधरी डांगी जीतो हाउस में ओजस लाइफ के फांउडर अतुल शाह के मार्गदर्शन में विशेष स्वास्थ्य संवाद का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से शाह ने अपने अनुभव सांझा करने के साथ कई असाध्य रोगों के प्राकृतिक उपचार एवं स्वास्थ्य लाभ से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अहम मार्गदर्शन प्रदान किया। कई असाध्य रोगों के प्राकृतिक उपचार का विशेष अनुभव रखने वाले ओर इस प्रद्धति से लाखों लोगों को सेहत लाभ प्रदान वाले शाह ने कहा कि हमे प्रकृति के विपरीत नहीं बल्कि उसके अनुकूल अपनी जीवनशैली बनानी होंगी। जब तक हम प्रकृति के अनुकूल जीवन नहीं जीएंगे बीमारियां हमारा पीछा नहीं छोड़ने वाली है। सुबह उठने से लेकर रात में सोने से पूर्व तक हमारी रूटीन विशेषकर खानपान कैसा होना चाहिए इस बारे में भी शाह ने मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हमे अपने कार्य में व्यस्त रहने के दौरान भी शरीर की आवश्यकता का ध्यान रखना चाहिए ओर प्रकृति के नियमों के अनुरूप जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। उद्बोधन के बाद शाह ने सदस्यों की जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान भी किया। जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के चेयरपर्सन डॉ. संपत जैन एवं चीफ सैकेट्री अकिन चौधरी ने ओजस लाइफ के फांउडर अतुल शाह का स्वागत अभिनंदन किया। संचालन पीरेश जैन ने किया। कार्यक्रम में जीतो एडवाइजरी बोर्ड मेंबर तिलोकचंद छाबड़ा, जीतो अपेक्स डायरेक्टर निश्चिल जैन, निहाल छाबड़ा, प्रतीक कावड़िया, धर्मेन्द्र मेहता, निर्मल खजांची, लेडिज विंग चीफ सैकेट्री निकिता पाटोदी, नीता बाबेल, सोनल छाबड़ा, वनीता बाबेल, अनुराधा चौधरी,सोनल मेहता आदि उपस्थित रहे।

सात साल तक यौन शोषण, बच्चे के जन्म के बाद मुकरा, माता-पिता समेत आरोपी पर केस दर्ज

भीलवाड़ा। शादी का झांसा देकर सात साल तक युवती का यौन शोषण करने और बच्चे के जन्म के बाद मुकरने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी शनि समेत उसके माता-पिता के खिलाफ दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 में भीलवाड़ा आई गंगरार निवासी पीड़िता परिचित आरोपी के घर रुकी थी, जहां चाकू की नोक पर उससे दुष्कर्म किया गया। बाद में आरोपी और उसके माता-पिता ने शादी का भरोसा दिलाया, जिसके चलते आरोपी लगातार शोषण करता रहा और पीड़िता ने एक बेटे को जन्म दिया। आरोप है कि आरोपी ने दो अन्य महिलाओं को भी रखा हुआ है और विरोध करने पर मारपीट कर जबरन खाली कागज व स्टाम्प पर हस्ताक्षर करवाए गए तथा धमकियां दी गईं। पुलिस सुनवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली, जिसके बाद मामला दर्ज हुआ ।

सरपंच आचार्य का कहार समाज ने किया स्वागत



शाहपुरा। फुलिया कला के नवनिर्वाचित सरपंच शिवराज आचार्य का आम चोखला कहार समाज की ओर से धानेश्वर स्थित श्री सीताराम मंदिर परिसर में अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सरपंच शिवराज आचार्य को साफा एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान पार्षद राजू कहार, कोटवाल देवी लाल धीवर, पटेल रामेश्वर, महावी कोटिया, रामजी मेट, बालू कोटिया, कल्लू थरावा, पूर्व चोखला अध्यक्ष देवी लाल धीवर, भोलू धीवर, गोविंद, राजेश, भैरू कहार उपस्थित रहे।

पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की मनाई जयंती



शाहपुरा। देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर पालिका एवं नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा द्वारा अध्यक्ष रमेश सेन के नेतृत्व में पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के राजकुमार बैरवा, अर्जुन सिंह राणावत, अजय मेहता, नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ. इशाक खान, पार्षद यूनुस खान, सुनील मिश्रा, अनिल पुंडरीक, सोनू कायमखानी, मुन्ना खान, पूर्व पार्षद साद्दीक पठान, शंकर खटीक, कांग्रेस नेता ओम सिंधी एवं धनराज जीनगर सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

भैरूनाथ की भजन संध्या आज

शाहपुरा। श्री घास बावजी मित्र मंडल के तत्वावधान में आज रात्रि 8 बजे एक शाम श्री भैरूनाथ के नाम विशाल भजन संध्या स्थान चमना बावड़ी वाली गली शिवाजी मार्ग पर आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक सुरेश समेलिया एवं पीरू समेलिया अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर करेंगे।

स्वस्थ शरीर और जीवनशैली आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी - प्रो. मीणा

आत्मरक्षा के साथ प्राथमिक उपचार का भी मिला प्रशिक्षण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



श्री प्रतापसिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र के तत्वावधान में बारहठ महाविद्यालय में चल रहे चार सप्ताह के आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा सप्ताह संपन्न हुआ। इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों के साथ ही स्वास्थ्य और प्राथमिक उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्पकरराज मीणा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं को शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा का कौशल छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाता है और विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने की क्षमता विकसित करता है। प्रशिक्षक महिला कांस्टेबल श्रीमती संजया यादव ने छात्राओं को पंच, किक और हमलावर से बचाव के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण दिया। संयोजक प्रो. बसंती मीणा ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ जीवनशैली आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी है। इससे छात्राएं स्वयं जागरूक होने के साथ समाज में स्वास्थ्य संबंधी मिथकों को दूर कर सही जानकारी भी फैला सकेंगी। आयोजन की व्यवस्थाओं और समन्वय का दायित्व संयोजिका प्रो. बसंती मीणा एवं प्रो. भगवती महावर ने निभाया।

दिनदहाड़े मॉल के बाहर से नकदी समेत स्कूटर ले उड़ा नकाबपोश चोर, सीसीटीवी में कैद वारदात

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर में दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं के बीच गायत्री आश्रम स्थित रिलायंस मॉल के बाहर खड़ा जुपिटर स्कूटर अज्ञात चोर चुरा ले गया। पीड़ित वाहन स्वामी के अनुसार स्कूटर की डिक्की में करीब एक लाख रुपये नकद रखे थे और पूरी वारदात मॉल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर निवासी स्कूटर मालिक देव दरियानी घरेलू सामान की खरीदारी के लिए गायत्री आश्रम स्थित रिलायंस मॉल गए थे।

उन्होंने जुपिटर स्कूटर की डिक्की में लगभग एक लाख रुपये नकद रखकर वाहन को मॉल के बाहर खड़ा किया और अंदर चले गए. करीब आधे घंटे बाद खरीदारी कर बाहर लौटने पर स्कूटर गायब मिला और आसपास तलाशने के बावजूद कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद मॉल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर कपड़ा बांधे एक संदिग्ध युवक स्कूटर चुराकर ले जाता दिखाई दिया। पीड़ित देव दरियानी ने सुभाषनगर थाने पहुंचकर स्कूटर और डिक्की में रखे एक लाख रुपये नकद चोरी होने की रिपोर्ट दी है, जिसके आधार पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए नकाबपोश आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

अज्ञात वाहन ने मकान की दीवार को मारी टक्कर बिजली लाइन और मीटर क्षतिग्रस्त

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



बागोर थाना क्षेत्र के पीथास गांव में देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मकान की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दीवार के पास लगी विद्युत लाइन एवं बिजली मीटर को भी नुकसान पहुंचा। परिवादी राजू लाल पुत्र लादू लाल तेली, निवासी पीथास ने बागोर पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार 18 एवं 19 नवंबर की मध्यरात्रि को किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए परिवादी के मकान की दीवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्करसे दीवार टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई तथा पास में लगी बिजली लाइन एवं विद्युत मीटर भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना से परिवादी को काफी आर्थिक नुकसान हुआ। परिवादी ने रिपोर्ट में आशंका जताई है कि उक्त वाहन अवैध बजरी परिवहन में लिप्त था। रात के समय तेज गति एवं अनियंत्रित तरीके से वाहन चलाते हुए मकान को टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। परिवादी ने पुलिस प्रशासन से घटनास्थल का मौका निरीक्षण करवाने, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात वाहन और चालक की पहचान कर उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा हुए नुकसान का मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

अवैध बजरी के ढेरों पर पुलिस की कार्रवाई

पीथास गांव में अवैध बजरी परिवहन की गतिविधियों को लेकर बागोर थानाधिकारी ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। इस दौरान जहां-जहां अवैध बजरी के ढेर लगे हुए थे, उन्हें भी जेसीबी से बिखरवाया गया। मौके पर थानाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों को शीघ्र पकड़ने तथा उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया द्य पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध बजरी परिवहन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने भी अवैध बजरी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

वर्षगांठ पर दंपतियों ने सेवा कार्यों के लिए किया सहयोग

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा के सदस्यों ने सदस्य दंपती को वैवाहिक वर्षगांठ पर घर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। शाखा अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल एवं सचिव केजी सोनी के अनुसार सदस्य सुरेश पोद्दार एवं सरोज पोद्दार के निवास पहुंचकर वरमाला पहनाई व मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस दौरान रोहित जोशी व महेंद्र अग्रवाल मौजूद रहे। पोद्दार ने नवंबर माह में दवा वितरण के लिए 5100 रुपए का सहयोग प्रदान किया। इसी क्रम में सदस्य शिवप्रसाद झंवर व सुनीता झंवर तथा प्रदीप जैन व बिंदु जैन को वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई दी गई। परिषद सदस्यों ने घर पहुंचकर तिलक, दुपट्टा, दीपक, वरमाला और मिठाई से उनका सम्मान किया। इस अवसर पर आरपी रुंगटा, रोहित जोशी व कपिल वर्मा उपस्थित रहे। शिवप्रसाद झंवर ने 1100 रुपए तथा प्रदीप जैन ने 2100 रुपए सेवा कार्यों के लिए दिए। यह इस माह परिषद का तीसरा कार्यक्रम रहा।

मरुधरा माहेश्वरी संस्थान ने किया 22 प्रतिभाओं का सम्मान



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

मरुधरा माहेश्वरी संस्थान का दिवाली स्नेह मिलन समारोह काशीपुरी माहेश्वरी भवन में आयोजित हुआ। समारोह में शिक्षा, सामाजिक सेवा और संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़ी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शैक्षणिक उपलब्धियों के सम्मान के साथ हुआ। मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले 22 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। गए। लॉटरी कार्यक्रम में 25 भाग्यशाली सदस्यों को पुरस्कार प्रदान किए गए। लॉटरी का संचालन मधुसूदन डागा एवं भवनी कोठारी ने किया। समारोह में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा की बैठक में भाग लेने के लिए गुजरात एवं कलकत्ता से पहुंचे महासभा पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

महिला मंडल की ओर से पूर्व में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। गौसेवा प्रकल्प में सहयोग देने वाले सहयोगियों का सम्मान भी किया। उपमहापौर राधेश्याम सोमानी का भी अभिनंदन किया गया। समारोह में संस्थान अध्यक्ष दिनेश राठी, सचिव नारायण बाहेती, पुरुषोत्तम राठी, शांतिप्रकाश मोहता, महेश जाजू, राधाकिशन सोमानी, सत्यनारायण काबरा, नंदू झंवर, महेश हूरकट, राकेश काबरा, राजेश बाहेती, रामेश्वर बाहेती, महादेव बाहेती, युवा अध्यक्ष मनीष बजाज, महिला अध्यक्ष मनीषा झंवर, महिला सचिव इशिता झंवर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

शोरूम से चोरी बोलेरो 1.90 लाख में बेची, दो खरीदार जेल भेजे गए

भीलवाड़ा। अजमेर मार्ग स्थित महिंद्रा शोरूम से चोरी हुई बोलेरो को चोर ने महज 1 लाख 90 हजार रुपए में बेच दिया, जबकि चोरी के करीब दो सप्ताह बाद मध्यप्रदेश के नीमच जिले की रतनगढ़ थाना पुलिस ने इसी बोलेरो को 141 किलो 800 ग्राम डोडा-चूरा के साथ जब्त किया था। चोरी के वाहन की खरीद-फरोख्त में शामिल दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर भीलवाड़ा लाई और अदालत में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया, जबकि बोलेरो चोरी करने वाला मुख्य आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। सदर थाने के सहायक उप निरीक्षक शैतान सिंह मीणा के अनुसार, 3 सितंबर की रात अजमेर मार्ग स्थित महिंद्रा शोरूम के बाहर से बोलेरो चोरी हुई थी, जिसे वाहन मालिक सर्विस के लिए शोरूम पर छोड़कर गया था, लेकिन रात के दौरान चोर वाहन लेकर फरार हो गया। मामले में सदर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की थी और चोरी के करीब दो सप्ताह बाद मध्यप्रदेश के नीमच जिले के रतनगढ़ थाना पुलिस ने इसी बोलेरो को 141 किलो 800 ग्राम डोडा-चूरा के साथ जब्त किया, जिसकी जानकारी मिलने पर भीलवाड़ा पुलिस ने मामले की जांच आगे बढ़ाई। मध्यप्रदेश पुलिस से सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने चोरी की बोलेरो खरीदने वाले आरोपियों की पहचान की और प्रोडक्शन वारंट के जरिए नीमच जिले की जावद सब जेल से विष्णु धाकड़ (19) और योगेंद्र सिंह उर्फ जोनी राठौड़ (34) को गिरफ्तार कर भीलवाड़ा लाया गया। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बबराणा क्षेत्र के एक व्यक्ति से बेगूं इलाके में चोरी की बोलेरो 1 लाख 90 हजार रुपए में खरीदी थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया, वहीं बोलेरो चोरी करने वाला मुख्य आरोपी अभी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। इस कार्रवाई से जहां चोरी की बोलेरो की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क का खुलासा हुआ है, वहीं मुख्य चोर की गिरफ्तारी के बाद ही चोरी के वाहन के तस्करों तक पहुंचने की कड़ी पूरी हो सकेगी।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/5472

आम सूचना

एतद्द्वारा मैसर्स रोटोमेक सिन्थेटिक्स प्रा. लि. राजस्व ग्राम पांसल की आराजी 3115 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या-131 की साईज 18X50=100.00 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड सुमित कुमार चौधरी (एचयूएफ) कर्ता श्री सुमित चौधरी पुत्र श्री प्रभात चौधरी को विक्रय किया एवं इनके द्वारा मुकेश कुमार जैन (एचयूएफ) कर्ता श्री मुकेश जैन पुत्र श्री लालचन्द जैन को विक्रय किया एवं इनके द्वारा श्रीमती मंजु कंवर सांचोरा पत्नी श्री प्रताप सिंह सांचोरा को विक्रय किया व न्यास में इनके द्वारा नामान्तरण कर श्री भरत कुमार तेली पुत्र श्री रामबक्ष तेली को विक्रय किया एवं इनके द्वारा श्रीमती विभा सिंह पत्नी श्री हेमेन्द्र सिंह चौहान को विक्रय किया गया।

श्रीमती विभा सिंह पत्नी श्री हेमेन्द्र सिंह चौहान द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतु न्यास में ऑन लाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर/एतराज /आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

सेप्टिक टैंक की सफाई अब होगी आसान जहाजपुर रोड पर एफएसटीपी प्लांट शुरू

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन को सुलभ सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा जहाजपुर रोड स्थित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था के शुरू होने से अब नगर पालिका क्षेत्र के नागरिक अपने घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं विभिन्न संस्थानों के सेप्टिक टैंक आसानी से खाली करवा सकेंगे। नगर पालिका आयुक्त रिंकल गुप्ता ने बताया कि सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए प्रति चक्कर 1500 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है।

जो भी नागरिक या संस्थान अपने सेप्टिक टैंक की सफाई करवाना चाहते हैं, वे नगर पालिका शाहपुरा में संपर्क कर निर्धारित शुल्क जमा करवा सकते हैं और इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना तथा सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले अपशिष्ट जल और मल कीचड़ का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से निस्तारण करना है। इससे पर्यावरण को होने वाले संभावित नुकसान को रोका जा सकेगा और शहर की स्वच्छता में सुधार होगा। नगर पालिका प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए केवल अधिकृत एवं निर्धारित व्यवस्था का ही उपयोग करें। गंदे पानी या मल कीचड़ का खुले में अथवा अनुचित स्थानों पर निस्तारण न करें। प्रशासन ने नागरिकों से शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में नगर पालिका को पूरा सहयोग देने का आह्वान किया है।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बिजौलियाँ जिला भीलवाडा (राज0)

क्रमांक : न.पा.बिजो./ 2026–27 / 2366, 2369 दिनांक : 17.11.2026

निविदा सूचना

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बिजौलियाँ, भीलवाडा द्वारा आवश्यक कार्य कराने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना राजस्थान लोक उपापन पोर्टल की ईप्रोक एवं एसपीपीपी पोर्टल पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। जिसकी एनआईबी संख्या DLB2627A9801, DLB2627A9802 व टेण्डर आईडी 2026_DLB_606021_1, 2026_DLB_606021_2, 2026_DLB_606022_1 है।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, बिजौलियाँ

राज.संवाद / सी / 26 / 13435

RAJASTHAN STATE HIGHWAYS AUTHORITY, JAIPUR

GOVERNMENT OF RAJASTHAN

No. as per RajKaj No. Date:16.11.2026

Short Term NIT No. 19/2026-27

INVITATION OF BIDS FOR TOLL COLLECTION

Bids for Collection of User Fee through Fee Collecting Agency on the basis of Open Competitive Bidding for Toll Plazas of 03 Roads i.e. (Siwana-Samdari Balesar section of SH-66, Sayla Bagoda - Gudamalani section of SH-16B and Sanju-Tarnau section of SH-60) in the State of Rajasthan are invited from interested and eligible bidders up to 18:00 Hrs. on 25.11.2026.

Other particulars of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state. The Total Estimated Potential Collection for 03 (three) months is Rs. 2,42,00,000/-

UBN No: PWD 2627SLOB15732
PWD2627SLOB15733
PWD 2627SLOB15734

Member (C & PPP)
RSHA, Jaipur

DIPR/C/18454/2026

पोस्टर, रंगोली और क्विज के जरिए दिया दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश

एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस जागरूकता सप्ताह , आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज में हो रहा आयोजन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष यह सप्ताह वन हेल्थ, वन एक्शनः प्रिवेंट एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस नाउ की थीम पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन और भावी चिकित्सकों को एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक उपयोग से होने वाले खतरों के प्रति सचेत करना है। सप्ताह के तहत आयोजित विविध प्रतियोगिताओं में मेडिकल छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से एंटीबायोटिक दवाओं के प्रतिरोध से बचाव के उपाय दर्शाए। इसी कड़ी में एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता भी हुई। इसमें छात्रों की विषयगत समझ को परखा गया। एएमआर की नोडल अधिकारी डॉ. भाविनी विजयवर्गीय के संयोजन में आयोजित हो रहे इस जागरूकता अभियान में विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित सचदेव, वरिष्ठ आचार्य डॉ. वर्षा सिंह, डॉ. अभिषेक जैन तथा डॉ. रजनी शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विशेषज्ञों ने इस दौरान बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक दवाएं न लेने की अपील भी की।

दुनियां छोड़ चुकी देह सिखाएंगी जीवन बचाने का हुनर, भावी डॉक्टरों ने ली गरिमा की शपथ

मेंडिकल कॉलेज में हुआ कैडेवरिक शपथ समारोह- मानव देह का सम्मान बनाए रखने का संकल्प

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



देहदान में जैन समाज की पहल बनी प्रेरणास्रोत

चिकित्सा विज्ञान की किताबों से निकलकर जब भावी डॉक्टर पहली बार मानव शरीर की सूक्ष्म संरचना को समझने की दहलीज पर कदम रखते हैं, तो उनके सबसे पहले शिक्षक वे मूक गुरु होते हैं जिन्होंने मरणोपरांत अपनी देह समाज को समर्पित कर दी। कुछ ऐसे ही भावुक और गरिमामय माहौल में गुरुवार को राजमाता विजया राजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में एमबीबीएस बैच 2026 का कैडेवरिक शपथ समारोह हुआ। समारोह में नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने मानव देह को अपना प्रथम गुरु मानते हुए उसके प्रति आजीवन कृतज्ञता, सम्मान और गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. पूजा गंगराड़े ने बताया कि समारोह के दौरान भावी चिकित्सकों को देहदान के सामाजिक सरोकार से रूबरू कराया। संकाय सदस्यों ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा के लिए उपलब्ध कराई गई ये सभी पार्थिव देह संभ्रांत और जागरूक परिवारों ने दान की हैं। अपने प्रियजनों की देह दान करने वाले परिवारों का यह त्याग भावी डॉक्टरों को मानव शरीर की जटिल संरचना समझने का अवसर देता है। इस दौरान देहदान की मुहिम में जैन समाज की सक्रिय और अग्रणी भागीदारी को विशेष रूप से रेखांकित किया गया, जिस

मरीजों के पैरों पर चूहों का राज जिम्मेदारों की मौन आवाज

अस्पताल को लोग जिंदगी बचाने का मंदिर मानते हैं, लेकिन अब कुछ अस्पतालों में मरीजों की जिंदगी बचाने के साथ-साथ उनके पैरों की रखवाली करना भी जरूरी हो गया है। राजस्थान के पाली जिले के एक अस्पताल में भर्ती मरीज के पैरों की उंगलियां चूहे कुतर गए। ये सिर्फ समाचार नहीं, इसे चूहों की गुंडागर्दी या दबंगई की उपमा भी दी जा सकती हैं। अब इसे अस्पताल की लापरवाही कहें या चूहों की बढ़ती हिम्मत, यह शोध का विषय हो सकता है। अस्पताल में मरीज बीमारी से लड़ने आता है, लेकिन यहां उसे बीमारी के साथ चूहों, कुत्तों और चोरों से भी मुकाबला करना पड़ता है। मरीज सोचता है कि डॉक्टर उसकी बीमारी ठीक करेंगे, लेकिन उसे क्या मालूम कि रात में चूहे उसकी सेहत का जायजा लेने नहीं, बल्कि पैरों का निरीक्षण करने आते हैं। गहरी नींद में सोए मरीजों को मीठी फूंक मार के पैर की उंगलियों को सौंफ-सुपारी समझ रसास्वादन कर फुर्र हो जाते हैं।

अस्पताल प्रशासन की दलील भी कम दिलचस्प नहीं होती। चूहेदानी का मांगपत्र स्टोर डिपार्टमेंट की ओर जा चुका है। कभी कहा जाता है कि सफाई हो रही है, कभी सुरक्षा बढ़ाई जा रही है और कभी जांच के आदेश दे दिए जाते हैं। जांच ऐसी कि चूहा भी रिपोर्ट आने तक आराम से अपनी अगली योजना बना सकता है, बल्कि उसे अमल में भी ला सकता है।

सरकारी अस्पतालों में बजट की कमी नहीं होती, कमी होती है तो जिम्मेदारी निभाने वालों की। सफाई के लिए कर्मचारी, सुरक्षा के लिए गार्ड, निगरानी के लिए अधिकारी और व्यवस्था सुधारने के लिए समितियां भी हैं। फिर भी चूहे अस्पताल में बेखौफ घूम रहे हैं। लगता है उन्हें भी किसी सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अस्पताल में मरीज सुरक्षित नहीं तो फिर सुरक्षित कौन है? मरीज के परिजन दवा और इलाज के लिए परेशान हैं, जबकि अस्पताल प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बचने के उपाय खोज रहा है। अब समय आ गया है कि अस्पतालों में केवल मरीजों का इलाज नहीं, व्यवस्था की भी सर्जरी हो। वरना कहीं ऐसा न हो कि मरीज बीमारी से ठीक होकर जाए और अस्पताल से चूहों का आतंक साथ लेकर जाए!



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)इन्दौर

राजश्री भाटी ने 313 अंक प्राप्त कर भीलवाड़ा में हासिल किया प्रथम स्थान

विधिक एकेडमी के विद्यार्थियों ने फिर लहराया सफलता का परचम

दिव्यांशा सोमानी जिला स्तर पर चतुर्थ स्थान पर , 92 फीसदी विद्यार्थी प्रथम प्रयास में सफल

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा अक्टूबर 2026 में आयोजित कंपनी सेक्रेटरी एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीएसईईटी) में विधिक एकेडमी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा में संस्थान की छात्रा राजश्री भाटी ने 313 अंक प्राप्त कर भीलवाड़ा में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं दिव्यांशा सोमानी ने जिला स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त कर संस्थान की उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ा।

संस्थान का कुल परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा। संस्थान की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही कि 95 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने लॉ विषय में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी नियमित मेहनत, अनुशासित अध्ययन और संस्थान की प्रभावी शिक्षण पद्धति का परिणाम है। संस्थान के निदेशक सीएस शुभांशु जैन ने बताया कि विधिक एकेडमी का परीक्षा परिणाम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 90 प्रतिशत से अधिक रहा है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि संस्थान में सीएस एक्जीक्यूटिव के नए बैच 23 नवंबर से प्रारंभ होने जा रहे हैं। इन बैचों में आईसीएसआई द्वारा जारी संपूर्ण स्टडी मॉड्यूल के अनुसार पढ़ाई करवाने के साथ-साथ विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास एवं सभी विषयों की व्यवस्थित तैयारी करवाई जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत आधार मिल सके।

20 वर्ष की उम्र में सीएस बनने का लक्ष्य

भीलवाड़ा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली राजश्री भाटी ने अपनी सफलता का श्रेय विधिक एकेडमी के निदेशक सीएस शुभांशु जैन एवं समस्त अध्यापकगण को दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन नियमित रूप से 6 से 8 घंटे अध्ययन करना, संस्थान की नियमित टेस्ट सीरीज में भाग लेना तथा शिक्षकों द्वारा बताए गए महत्वपूर्ण प्रश्नों का अभ्यास करना उनकी तैयारी का प्रमुख हिस्सा रहा। टेस्ट सीरीज के माध्यम से उन्हें अपनी कमियों को पहचानने और उनमें सुधार करने का अवसर मिला, जिससे परीक्षा की तैयारी अधिक प्रभावी रही। राजश्री ने बताया कि उनका सपना मात्र 20 वर्ष की उम्र में कंपनी से `टरी (सीएस) बनकर अपने लक्ष्य को हासिल करना है। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, सही मार्गदर्शन और अनुशासन के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



सचिव आर्य ने किया जिला कारागार का निरीक्षण, बंदियों से सुविधाओं, स्वास्थ्य व साफ-सफाई पर किया संवाद

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान के निर्देशानुसार गुरुवार को श्रीमती रश्मि आर्य (अपर जिला न्यायाधीश), सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा ने जिला कारागृह भीलवाड़ा का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव रश्मि आर्य ने कारागार की आंतरिक व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों और बंदियों को मिल रही मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लेने के लिए प्रत्येक बैरक की गहन जांच की। इस दौरान उन्होंने बैरकों में उपस्थित बंदियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बंदियों को दी जा रही सुविधाओं, किसी प्रकार की बीमारी या स्वास्थ्य संबंधी समस्या, बैरकों व परिसर की साफ-सफाई की स्थिति तथा उनके प्रकरणों में नियुक्त अधिवक्ताओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही, बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता और प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यों से अवगत कराया गया। इसके पश्चात सचिव ने कारागार के रसोईघर (मेस) का भी अवलोकन किया और वहां बन रहे भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता को परखा। निरीक्षण के अंत में उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कारागार परिसर में नियमित रूप से उच्च स्तरीय साफ-सफाई बनाए रखी जाए, बीमार बंदियों को समय पर समुचित चिकित्सा उपचार उपलब्ध हो तथा सभी बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुसार स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन मिले। उन्होंने जेल अधीक्षक को यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है, तो उसे विधिक सहायता के तहत निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक आवेदन प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर कारागार के चिकित्सक डॉ. अभिषेक शर्मा सहित प्राधिकरण के निजी सहायक दीपक अग्रवाल, कनिष्ठ सहायक राजवर्धन सिंह, अधिकार मित्र फारूख खान पठान व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बनेड़ा पुलिस व डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई एक क्विंटल अवैध डोडा-पोस्त बरामद

एक गिरफ्तार, दो फरार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बनेड़ा



मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बनेड़ा थाना पुलिस और भीलवाड़ा डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लाम्बिया सरहद गांव के पास एक हुंडई अल्काजार कार से 100 किलो 440 ग्राम अवैध अफीम डोडा-पोस्त बरामद किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी जब्त कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और शाहपुरा वृत्ताधिकारी के सुपरविजन में थाना प्रभारी ओमप्रकाश कासनिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई अंजाम दी गई। पुलिस के अनुसार 18 नवंबर को डीएसटी टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरजे 14 यूएच 1352 नंबर की अल्काजार कार में अवैध मादक पदार्थ का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर बनेड़ा थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से नाकाबंदी कर कार को रोकने का प्रयास किया। नाकाबंदी के दौरान कार में सवार दो लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले, जबकि पुलिस ने एक आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्रम कुमार सैनी पुत्र पूरणमल सैनी उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 2 उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं के रूप में हुई है। कार की तलाशी लेने पर उसमें रखे पांच कट्टों में कुल 100.440 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा-पोस्त मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ और तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार दोनों आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। साथ ही पुलिस तस्करी के नेटवर्क, खरीद-फरोख्त और सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी गहनता से पड़ताल कर रही है। इस सफल कार्रवाई में बनेड़ा थाना पुलिस और डीएसटी टीम के जवानों की अहम भूमिका रही।

बिजयनगर संस्थापक मसूदा राव विजय सिंह को किया याद



बिजयनगर। शहर के स्थापना दिवस पर संस्थापक मसूदा राव विजय सिंह की प्रतिमा को पालिकाध्यक्ष ममता मोदी व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर याद किया गया। पालिकाध्यक्ष ममता मोदी ने मसूदा राव विजय सिंह के योगदान को सराहा। इस दौरान क्षत्रिय समाज के सहदेव सिंह कुशवाहा, प्रदीप सिंह भदौरिया, देवेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह शेखावत, पूर्व पार्षद संजय कुमावत,ग्राम पंचायत बाड़ी सरपंच राजकुमार पांड्या,श्री नाथ ह्रास्पिटल के निदेशक डॉ अजय शर्मा, भाजपा नेता सतीश ओझा, संदीप शाह, बालचंद जांगिड़, शिवराज जाट, विजय सिंह, सुरेश बैरवा, प्रघुम्न व्यास , कुबेर सिंह राठौड़, सद्दीक मोहम्मद सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ शुभारंभ निकाली कलश शोभा यात्रा

बिजयनगर। धर्मनगरी में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज विशाल कलश शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। संकट मोचन हनुमान मंदिर नाड़ी मोहल्ला व सर्व समाज के तत्वावधान में आयोजित श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ हेतु लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू भव्य कलश शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर कथा स्थल इंद्रा मंच गाजे बाजे के साथ पहुंची। श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र माली व संकटमोचन हनुमान मंदिर के मुख्य उपासक लक्ष्मण दास जी महाराज ने बताया कि ख्याति प्राप्त कथावाचक मुरलीधर जी महाराज के मुखारविंद से श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का संगीतमय वाचन किया जायेगा। नौ दिवसीय कथा धार्मिक कार्यक्रम हेतु विशाल पांडाल सर्व सुविधायुक्त इंद्रा मंच खेल मैदान पर बनाया गया है।



बाबा श्याम का हुआ अलौकिक श्रृंगार जन्मोत्सव पर आज सजेगी भजन संध्या

काशीपुरी धाम में श्याम जन्मोत्सव की धूम, मावे के केक काटकर भक्त मना रहे बाबा का जन्मदिन



भीलवाड़ा। शहर के काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया। आकर्षक वस्त्रों, रंग-बिरंगे पुष्पों एवं मनमोहक आभूषणों से सजे बाबा के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बाबा का यह अनुपम श्रृंगार पुजारी रूपेंद्र शुक्ला एवं रवि पंडित द्वारा किया गया। सुबह से ही श्याम प्रेमियों द्वारा बाबा के समक्ष मावे के केक काटकर अपने आराध्य का जन्मदिन मनाया जा रहा है। वहीं शाम को श्री श्याम सेवा समिति की ओर से सभी केक एक साथ काटकर बाबा श्याम का जन्मोत्सव सामूहिक रूप से धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने बताया कि बाबा श्याम के जन्मोत्सव को लेकर मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं। शुक्रवार शाम 7:15 बजे से एकादशी भजन संकीर्तन का आयोजन होगा। समिति के मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि भजन संध्या में भजन गायक शिवम अग्रवाल (रेवाड़ी) एवं पीयूष पिपलवा (मुंबई) अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुतियों से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

नेक्स्ट ईरा स्टूडेंट्स कॉन्क्लेव-2026 में गाडरी प्रथम



भीलवाड़ा। माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 'नेक्स्ट ईरा स्टूडेंट्स कॉन्क्लेव-2026' का गुरुवार को उत्साहपूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुमित कच्छारा ने बताया कि समारोह की शुरुआत राष्ट्रगीत के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि संगम विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. अनुराग शर्मा, पूर्व प्राचार्य प्रो. आर.एस. बांगड़, प्राचार्य प्रो. बी.एल. जागेटिया तथा निर्णायक मंडल के सदस्य प्रो. अनिल त्रिपाठी, प्रो. सुमन पलासिया व सहायक आचार्य कौशल मीणा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। संयोजक डॉ. कच्छारा ने महाविद्यालय के सोलह विभागों के श्रेष्ठ विद्यार्थियों के बीच आयोजित इस कॉन्क्लेव के प्रथम दिवस का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। दूसरे दिन विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। इनमें अंग्रेजी से तन्वी कुमावत, अर्थशास्त्र से चित्रांश दगदी, व्यावसायिक प्रशासन से कमलेश गाडरी, भूगोल से प्रियांशी पालीवाल, समाजशास्त्र से किरण कोली, गणित से अनुष्का शर्मा, इतिहास से स्वीटी कंवर चुंडावत और रसायनशास्त्र से दर्शिमा कुमावत की प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि डॉ. अनुराग शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद कौशल, तकनीक और नेटवर्किंग में दक्षता हासिल करने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. बी.एल. जागेटिया ने परिणामों की घोषणा की। प्रतियोगिता में कमलेश गाडरी प्रथम, यशस्वी विश्नोई द्वितीय तथा अनुष्का शर्मा व दर्शिमा कुमावत संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। अंत में विजेताओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संचालन डॉ. रजनी गगवानी ने किया और आभार सहायक आचार्य निधि गुप्ता ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. मनीष रंजन, प्रो. शैलेन्द्र जैन, प्रो. अनंत दाधीच, डॉ. नारायण माली, डॉ. सीमा बोलिया, मोहन खटीक सहित संकाय सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बिच्छुदड़ा उपसरपंच चुनाव बवाल के बाद गांवों में सन्नाटा, आरोपी परिवारों सहित भूमिगत, चार जेल भेजे

भीलवाड़ा। बदनोर थाना क्षेत्र के बिच्छुदड़ा गांव में उपसरपंच चुनाव के दौरान पुलिस और पोलिंग पार्टी पर हमले, आगजनी व हिंसा के बाद अब पुलिस की दबिश के खौफ से उपद्रवियों में दहशत फैल गई है। कार्रवाई के डर से एफआईआर में नामजद आरोपी अपने परिवारों, महिलाओं और बच्चों तक को लेकर गांव छोड़कर भूमिगत हो गए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस कार्रवाई के डर से बिच्छुदड़ा और आसपास के गांवों में आरोपियों के घरों पर ताले लटके हैं और घरों में लोग नहीं मिल रहे हैं. बदनोर पुलिस ने घटनाक्रम के बाद चार लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. इनमें महावीर सिंह पुत्र पूरण सिंह रावत व लक्ष्मण सिंह पुत्र लादूसिंह (निवासी बिच्छुदड़ा), सीताराम पुत्र उदयसिंह रावत (निवासी रामगढ़) और सुरेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह (निवासी हनौतिया) शामिल हैं. चौंकाने वाली बात यह है कि शांतिभंग में पकड़ा गया महावीर सिंह मुख्य एफआईआर में भी नामजद है, हालांकि हत्या के प्रयास के मुख्य प्रकरण में अभी औपचारिक गिरफ्तारी नहीं दिखाई गई है। पुलिस की टीमें नामजद आरोपियों–बाबू सिंह, पप्पू सिंह, गोपाल सिंह, चेतन सिंह, कालू सिंह, सुनील सिंह, हेमसिंह, गोपाल सिंह, त्रिलोक सिंह, पुष्पेंद्र सिंह उर्फ भोला, रामूसिंह, भंवर सिंह, कविता, आरती कंवर, रामू देवी, सोना देवी, लीला, पुत्री, तुलसी देवी, नैनी देवी व अन्य–की संभावित ठिकानों पर सरगर्मी से तलाश कर रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस : संवेदनशीलता और भावनात्मक जुड़ाव में निहित है असली ताकत, बोले सोनी सब के कलाकार

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई





ताकत की पारंपरिक परिभाषा को अक्सर कठोर बने रहने, हर स्थिति को अपने नियंत्रण में रखने और भावनाओं को भीतर दबाए रखने तक सीमित कर दिया जाता है। लेकिन बदलते दौर में यह समझ गहरा रही है कि अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करना, जरूरत के वक्त मदद मांगना और अपनों के साथ सहज संवाद करना कहीं अधिक साहस का काम है। अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर सोनी सब के तीन कलाकारों अधिक मेहता, मनीष वाधवा और मुकुल हरीश ने अपनी निजी अनुभवों और टीवी किरदारों के जरिए ताकत तथा पुरुषत्व के इस नए दृष्टिकोण को साझा किया है।

शो 'लो चुड़ैल चली ससुराल' में आरव का किरदार निभा रहे अधिक मेहता मानते हैं कि विपरीत परिस्थितियों में प्रियजनों के प्रति व्यवहार ही सच्ची ताकत को दर्शाता है। उनके मुताबिक, जब आरव को अपनी पत्नी उर्वशी की जादुई शक्तियों का पता चलता है, तब भी वह प्यार, समझ और सहयोग का रास्ता चुनता है। अधिक का कहना है कि दयालुता, धैर्य, संवेदनशीलता और भावनात्मक रूप से उपलब्ध रहना ऐसी खूबियां हैं, जिनका सम्मान किया जाना चाहिए।

वहीं, 'हस्तिनापुर के वीर' में भीष्म पितामह की भूमिका निभा रहे मनीष वाधवा ने पिता बनने के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि असली ताकत कठोरता या हर अंतिम फैसले में नहीं, बल्कि समझदारी और सहजता में है। बच्चों को सलाह से अधिक सुनने और अभिव्यक्ति की आजादी की जरूरत होती है। सेट पर युवा कलाकारों के साथ काम करते हुए उन्होंने महसूस किया कि बड़ों की भूमिका मार्गदर्शन के साथ उनकी मौलिक पहचान और आत्मविश्वास को निखारने की होनी चाहिए, क्योंकि किसी बच्चे के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालना भी ताकत का अहम रूप है।

'पुष्पा इम्पॉसिबल' के कलाकार मुकुल हरीश ने बताया कि उनका किरदार टाइगर खुद को मजबूत दिखाने के चक्कर में भावनाएं छिपाता रहा है, लेकिन चुनौतियों के बीच अब वह खुलना सीख रहा है। मुकुल के अनुसार, खुशी, दुख या स्नेह जैसी भावनाएं जताना कमजोरी नहीं बल्कि ताकत है। संवेदनशीलता और खुला संवाद पुरुषों को अधिक सशक्त बनाता है। ये तीनों धारावाहिक सोनी सब पर प्रसारित होते हैं।

पेंशनर्स वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र शिविर आयोजित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



जिला कोषालय एवं पेंशनर्स समाज भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में पेंशनर्स वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र सत्यापन शिविर आयोजित किया गया। जिला कोषाधिकारी डॉ गौरव सोमानी एवं पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन, महासचिव भूपेंद्र दत्ता ने जिला कोषालय के पेंशनर्स जीवन प्रमाण पत्र शिविर की शुरूआत की।

शिविर में भीलवाड़ा मुख्यालय के 100 से अधिक पेंशनर्स ने अपने वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र दाखिल किए। कोषाधिकारी द्वारा अतिरिक्त कोषाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया। कोषाधिकारी गौरव सोमानी, सहायक कोषाधिकारी व वरिष्ठ एकाउंटेंट मुरली का सम्मान किया गया। पेंशनर्स समाज की ओर से शिविर में सहयोग, व्यवस्था हेतु सुरेश कोठारी, एसएन राठी, डॉ फरियाद मोहम्मद, सत्यदेव व्यास, रमेश भट्ट, शब्बीर हुसैन, भवानी शंकर, गोपाल गग्गड़ को लगाया गया। शिविर में भाग चंद गांधी,शांति लाल बिहानी, भवानी शंकर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

देवनगर में 'एक शाम सगस जी के नाम' भजन संध्या आज

भीलवाड़ा । देवउठनी एकादशी पर शहर के देवनगर में आज शाम 8 बजे 'एक शाम देवउठनी ग्यारस सगस जी के नाम' भजन संध्या का आयोजन डीटीओ ऑफिस के पास तीन नंबर सर्किल के पास शंकर सिंह राठौड़ सगस जी महाराज मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा। इसमें भजन गायक अनिल बुंदी प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। आयोजक रतन लाल शर्मा ने बताया कि शाम 5 बजे से भोजन प्रसादी शुरू होगी। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का शुभारंभ होगा।

सुवाणा ब्लॉक स्तरीय स्पर्धा आयोजित



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर में सुवाणा ब्लॉक के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक एवं सृजनात्मक कौशल अभिवृद्धि हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

संयोजक एवं प्रधानाचार्य उर्मिला जोशी ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीना शर्मा सुभाष नगर विद्यालय, नारायण रेगर राजेंद्र मार्ग विद्यालय ने द्वितीय स्थान,आशु भाषण में अंशिका शर्मा बापू नगर ने प्रथम स्थान,कार्तिक जाट कांदा ने द्वितीय स्थान,चित्रकला में जानवी बापू नगर प्रथम स्थान ,द्वितीय स्थान पायल खारोल सुभाष नगर विद्यालय,प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरिमा गुर्जर सुभाष नगर,गोविंद कृष्ण गर्ग राजेंद्र मार्ग विद्यालय द्वितीय स्थान, एकल गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान बारेठ सेठ मुरलीधर मानसिंहका,भाग्यश्री बापूनगर विद्यालय द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थी जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में पीएमश्री विद्यालय बापू नगर में भाग लेंगे ।

चेक बाउंस मामले में पूर्व सभापति बल्दवा दोषी करार छह माह कैद और 11 लाख रुपए का जुर्माना

भीलवाड़ा। करीब पांच साल पुराने चेक अनादरण के मामले में विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण संख्या-3), भीलवाड़ा के पीठासीन अधिकारी मुकेश कुमार सांवरिया ने आरोपी नगर परिषद पूर्व सभापति अनिल बल्दवा को दोषी करार देते हुए छह माह के साधारण कारावास और 11 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने जुर्माने की पूरी 11 लाख रुपए की राशि परिवादी को प्रतिकर के रूप में देने के भी आदेश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार, काशीपुरी निवासी अनिल बल्दवा ने व्यावसायिक आवश्यकता के चलते सरला साड़ी के भागीदार एवं पावर ऑफ अटॉर्नी होल्डर उपमन्यु बियाणी से 10 लाख रुपए उधार लिए थे। इस राशि के भुगतान के लिए आरोपी ने ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स की शांति भवन, भोपालगंज शाखा का 10 लाख रुपए का चेक (संख्या 032589) दिनांक 22 दिसंबर 2020 को जारी किया। परिवादी ने जब यह चेक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा में प्रस्तुत किया तो अपर्याप्त राशि के कारण 23 दिसंबर 2020 को यह अनादरित हो गया। इसके बाद परिवादी के अधिवक्ता चितरंजन पाण्डे ने 6 जनवरी 2021 को पंजीकृत नोटिस भेजा, जो वापस लौट आया, लेकिन बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया। इस पर 4 फरवरी 2021 को परिवाद पेश किया गया। विचारण के दौरान परिवादी पक्ष ने साक्ष्य और दस्तावेज प्रस्तुत किए, वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने रकम उधार लेने व नोटिस मिलने से इनकार करते हुए दोषमुक्त करने की दलील दी। दोनों पक्षों की बहस और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने निर्णय सुनाते हुए आरोपी को धारा 138 एनआई एक्ट के तहत दोषी माना। न्यायालय ने इसे आर्थिक अपराध मानते हुए परिवीक्षा अधिनियम का लाभ देने से इनकार किया और जुर्माने की राशि 11 लाख रुपए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357(1)(बी) के तहत परिवादी को प्रतिकर स्वरूप अदा करने का आदेश दिया। साथ ही आरोपी के जमानत मुचलके निरस्त कर सजा वारंट तैयार करने के निर्देश दिए गए।

पंचायती राज चुनाव में भाजपा को झटका, कांग्रेस को शुरुआती रुझानों में बढ़त

राजसमंद। पंचायती राज चुनाव की मतगणना के शुरुआती रुझानों में जिले में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को झटका लगता दिखाई दे रहा है, वहीं विपक्षी कांग्रेस कई पंचायत समितियों में बढ़त बनाकर मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। शुक्रवार सुबह 8 बजे से शुरू हुई मतगणना में सामने आए रुझानों ने राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज कर दी हैं।

राजसमंद जिला परिषद के 29 वार्ड और जिले की 9 पंचायत समितियों के 161 वार्डों के लिए मतगणना जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिला परिषद की अब तक घोषित स्थिति में भाजपा 7 वार्डों में आगे चल रही है,



जबकि कांग्रेस ने 2 वार्डों में बढ़त बनाई हुई है। वहीं राजसमंद पंचायत समिति के 25 वार्डों में मुकाबला बेहद रोचक बना हुआ है। यहां भाजपा 12 वार्डों में, कांग्रेस 11 वार्डों में और निर्दलीय प्रत्याशी 2 वार्डों में आगे चल रहे हैं। विधानसभा क्षेत्रवार रुझानों की बात करें तो नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र की खमनोर और देलवाड़ा पंचायत समितियों में कांग्रेस ने बढ़त बनाई हुई है। भीम विधानसभा क्षेत्र की भीम और देवगढ़ पंचायत समितियों में भी कांग्रेस बहुमत की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। दूसरी ओर राजसमंद विधानसभा क्षेत्र की राजसमंद और रेलमगरा पंचायत समितियों से अभी स्पष्ट रुझान सामने नहीं आए हैं। कुंभलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चारभुजा पंचायत समिति में भाजपा ने बढ़त बनाई है, जबकि आमेट और कुंभलगढ़ पंचायत समितियों में कांग्रेस आगे चल रही है। शुरुआती रुझानों में कांग्रेस की बढ़त ने भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि अभी मतगणना जारी है और अंतिम परिणाम आने के बाद ही जिले में पंचायती राज चुनाव की वास्तविक तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के एलईडी प्रयोग ने किया निराश

राजसमंद जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा द्वारा किए गए नवाचार में पंचायती राज चुनाव के मतगणना परिणाम त्वरित आम लोगों तक पहुंचाने के लिए किए गए एलइडी पर परिणाम दिखाने का प्रयोग पूरी तरह से विफल रहा। लोगों को एलईडी प्रयोग से निराशा हाथ लगी। चुनाव परिणाम का रिजल्ट घोषित होने के बाद भी एलईडी में संबंधित प्रत्याशी का परिणाम अटका हुआ दिखाई दे रहा था इससे पत्रकारों एवं आम जनता में मायूसी देखी गई।